पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 10 अक्तूबर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

आज यहां जारी एक शोक संदेश में राज्यपाल जी ने कहा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव जी का निधन अत्यंत दुखदायी है। श्री यादव अपने पीछे काम और सेवा की एक विशाल विरासत छोड़ गए हैं। उनके निधन से राजनीत के एक प्रमुख स्तंभ एवं एक संघर्षशील युग का अंत हुआ है।

श्री राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की व शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (112/11)
सम्पर्क सूत्र 9044381834